भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 31.05.2024

## आरेडिका में वैब गोष्ठी एवं हिंदी कार्यशाला का आयोजन

राजभाषा विभाग, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा हिंदी कार्यशाला के अंतर्गत भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी के तत्वाधान में संसदीय समिति की संशोधित निरीक्षण प्रश्नावली विषय पर वैब गोष्ठी के आयोजन में सहभागिता की गई । वैब गोष्ठी में वक्ता डॉ. बरुण कुमार, निदेशक (राजभाषा), रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली ने उक्त विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया ।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री रूपेश श्रीवास्तव ने संसदीय समिति की संशोधित निरीक्षण प्रश्नावली की समीक्षा एवं व्यवहारपरक बनाने हेतु प्रयास करने का आग्रह किया । कार्यशाला में समस्त विभागो से हिंदी केंद्रक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे । बैठक का सफल संचालन सहायक सामग्री प्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी श्री राजेश कुमार द्वारा किया गया।

31.5.2024

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी